# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक – शिविरा/मा/खेलकूद–3/35665/निर्णायक/2018–19/ दिनांक 29/06/18

अति आवश्यक

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा – प्रथम एवं द्वितीय

विषय :– विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले खेल प्रशिक्षकों/शारीरिक शिक्षकों (तृतीय/द्वितीय/प्रथम श्रेणी) की सूचना के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग द्वारा संचालित विद्यालयी खेलों की राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं में चयन कार्य, निर्णायक कार्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगितार्थ चयन/प्रशिक्षण कार्य के लिए खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत समस्त खेल प्रशिक्षकों/शारीरिक शिक्षकों से सम्बद्व डाटा को कम्प्यूटीकृत किया जाना है।

अतः आपके अधीनस्थ समस्त राजकीय विद्यालयों/कार्यालयों को निर्देशित करे कि वें अपने विद्यालय/कार्यालय में पदस्थापित समस्त खेल प्रशिक्षकों/शारीरिक शिक्षकों (पुरूष एवं महिला) से वांछित सूचना प्राप्त करके संलग्न एक्सल सीट में भरकर दिनांक 13–07–2018 तक इस कार्यालय को अग्रप्रेषित पत्र के साथ सॉफ्टकॉपी में उपलब्ध करावें एवं वांछित प्रमाण पत्र (इसका प्रारूप इस पत्र में उल्लेखित है) ई–मेल **sec.sportsbkn@yahoo.com** भी अपलोड करें।

इस सम्बन्ध मे स्पष्ट किया जाता है कि : –

1. संलग्न एक्सल सीट जो कि आपके कार्यालय को ई–मेल की जा चुकी है में ही समस्त सूचनाएं भरी जानी है ।
2. समस्त सूचनाएं अंग्रेजी फोंट में ही भरनी है तथा जहां दिनांक भरनी है उसको dd/mm/yyyy फारमेट में ही भरनी है। आपके स्तर पर इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जावें।
3. एक्सल सीट में जिला/खेल का नाम उपलब्ध ड्राप डाउन मेन्यू में से ही चयन कर भरना आवश्यक है ।
4. एक्सल सीट में कॉलम संख्या 1 से 18 तक की सूचनाएं भरनी अनिवार्य है। इनके अलावा कॉलम में यदि कोई सूचना किसी कार्मिक के लिए प्रभावी नहीं होती है तो उसको नहीं भरा जावें । उपरोक्त कॉलम में जो सूचना कार्मिक द्वारा भरी गई है, उसका सत्यापन आपके स्तर अनिवार्य रूप से किया जाए।
5. उपरोक्त समस्त सूचनाएं आपके कार्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक 04–07–2018 से 06–07–2018 तक नोडल एजेन्सी जिशिअ (मा) प्रथम कार्यालय में कैम्प/शिविर लगाकर एकत्रित करके संकलित सूचना दिनांक 13–07–2018 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवश्यक रूप से प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के बाद प्रेषित की जाने वाली सूचनाओं को स्वीकार नही की जावेगी । इस प्रकार से आयोज्य शिविर के प्रभारी/कार्मिक की सूचना मय मोबाइल नम्बर के इस कार्यालय को पृथक से ई–मेल पर अवगत करावें ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी (मा) प्रथम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त सूची में से ही सत्र 2018–19 में आयोजित होने वाली 63वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी प्रतियोगिताओं में खेल प्रशिक्षकों/शारीरिक शिक्षकों (तृतीय/द्वितीय/प्रथम श्रेणी) की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

www.rajteachers.com

7. आपके जिले से सम्बद्व समस्त कार्मिकों की सूचना भरने के पश्चात एक्सल सीट को इस कार्यालय को 13/07/2018 तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत ई–मेल आईडी **sec.sportsbkn@yahoo.com** पर उपलब्ध करावें तथा साथ ही इस कार्यालय को अग्रप्रेषित करवाये जाने वाले पत्र में निम्नांकित प्रमाणीकरण आवश्यक रूप से अंकित करें : –

> **"यह प्रमाणित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई–मेल एंकाउट .......................................... से आपको विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले खेल प्रशिक्षकों/शारीरिक शिक्षकों (तृतीय/द्वितीय/प्रथम श्रेणी) की सूचना के संबंध में किये गये मेल में क्रम संख्या ..... से ....... तक की कार्मिकों की सूचना का सत्यापन/मिलान कार्यालय स्तर पर कर लिया गया है तथा इसमें किसी प्रकार की कमी एवं अशुद्वि नहीं है ।"**
>
> **(प्रमाणितकर्ता का नाम एंव पदनाम)**
>
> **कार्यालय**

8. उपर्युक्तानुसार सीट में भरी जाने वाली सूचना से सम्बद्व अभिलेखों को आपके कार्यालय में सुरक्षित रखे। जिनकी आवश्यकता होने पर सीधे ही आप से प्राप्त किया जा सकें। वर्तमान में इसको संलग्न नहीं करना है ।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. समस्त उपनिदेशक (माध्यमिक शिक्षा) को प्रेषित कर लेख है कि समय पर उक्त कार्य सम्पादित हो, के लिए अपने अधिनरथ जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) से कार्य की सुनिश्चितता का प्रमाण लेकर तत्काल इस कार्यालय को अवगति देवे।
3. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर।
5. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राज. बीकानेर
(प्रपत्र प्रारूप)

| | | | |
|---|---|---|---|
| District Name | | | 1 |
| Name of Game | | | 2 |
| **Employee Personal Information** | Employee ID | | 3 |
| | Name of Employee | | 4 |
| | Date of Birth (dd/mm/yyyy) | | 5 |
| | Mobile No. | | 6 |
| | E-mail Address | | 7 |
| Employee Official Information | Designation | | 8 |
| | Date of First Appointment | | 9 |
| | School/ office ID | | 10 |
| | Name of Present Posting School/Office | | 11 |
| | School/Office e-mail ID | | 12 |
| Education Qualification of Employee | | | 13 |
| Professional Qualification of Employee (give Details only for highest level) | | Name of Exam | 14 |
| | | Major Game (Write only one name) | 15 |
| | | Year of Passing | 16 |
| | | Name of University | 17 |
| | | Division | 18 |
| Professional Qualification of Employee (give details of NIS level-if any ) | | Major Game | 19 |
| | | NIS Level | 20 |
| | | Year | 21 |
| | | Name of Institute/University | 22 |
| | | Division | 23 |
| Details of work as a Referee/Umpire/Official (give Details only for highest level) | | Level | 24 |
| | | Year of Passing | 25 |
| | | Name of Orginising Institute/Federation | 26 |
| Details of Refree Clinic /Training orgnized by Deptt. (Give detail only for latest event) | | Name of Game | 27 |
| | | Period | 28 |
| | | Venue | 29 |
| | | Rank/Achivement | 30 |
| Details of work performed as Referee/ Selection/ Training deputed/ orgnized by Deptt.(Give detail only for last three event) | (A) | Name of Game | 31 |
| | | Level | 32 |
| | | Year | 33 |
| | | Venue | 34 |
| | | Deputaion by | 35 |
| | (B) | Name of Game | 36 |
| | | Level | 37 |
| | | Year | 38 |
| | | Venue | 39 |
| | | Deputaion by | 40 |
| | (C ) | Name of Game | 41 |
| | | Level | 42 |
| | | Year | 43 |
| | | Venue | 44 |
| | | Deputaion by | 45 |

उपनिदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा, राज. बीकानेर

www.rajteachers.com